ड्रग चेतावनी – नाइट्रस ऑक्साइड

नाइट्रस ऑक्साइड क्या है?

जब आप नाइट्रस ऑक्साइड को सांस के माध्यम से शरीर के अंदर खींचते हैं तो इसके प्रभाव तुरंत महसूस होते हैं। नाइट्रस ऑक्साइड थोड़े समय के लिए तुरंत बढ़िया महसूस करने, और फ्लोट करना महसूस करने या उत्तेजना की भावना पैदा करती है।

नाइट्रस ऑक्साइड को नैंगस, लाफिंग गैस, नाइट्रो, N2O, NOS, व्हिपेट, हिप्पी क्रैक, बज़ बोम्ब, बैलून्स भी कहा जाता है।

यदि आप बार-बार बहुत ज्यादा प्रयोग करते/ती हैं

यदि आप बहुत अधिक मात्रा में नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग करते/ती हैं (बहुत से बल्बों का प्रयोग करना या बड़े कनस्तर से), अथवा आप इसे बहुत ज्यादा देर के लिए प्रयोग करते/ती हैं, तो आप अपने मस्तिष्क और शरीर को गंभीर नुकसान पहुँचा सकते/ती हैं। कुछ लोगों में यह पैदल चलने से सम्बन्धित समस्या पैदा कर सकती है। अन्य प्रभावों में शामिल हैं:

- आपके हाथों और पैरों में सुन्नता या झुनझुनाहट,
- सोच-विचार करने और याददाश्त से जुड़ी समस्याएँ,
- आपके रक्त में स्वस्थ्य लाल कोशिकाओं का निम्न स्तर,
- दुविधा,
- चक्कर आने,
- रक्तचाप कम होना और
- मनोविकृति (यह जानने में कठिनाई कि क्या वास्तविक है और क्या नहीं)।

इनमें से कुछ समस्याएँ स्थायी बन सकती हैं।

कुछ लोगों का मानना है कि विटामिन B12 का सेवन किसी नुकसान की रोकथाम करता है। यह सच नहीं है। बहुत ज्यादा नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग विटामिन B12 का प्रयोग करने की शरीर की क्षमता को रोकता है।

बहुत से बल्बों से नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग करना खतरनाक है। किसी बड़े कनस्तर या टैंक से नाइट्रस का उपयोग करना और भी खराब हो सकता है, क्योंकि आप ज्यादा मात्रा सांस से शरीर में अंदर खींच लेते हैं।

बल्ब या कनस्तर से बाहर आने पर नाइट्रस ऑक्साइड बहुत ठंडी होती है। यदि आप इसे सीधे सांस से शरीर के अंदर खींचते हैं, तो इससे नाक, होठों या गले पर शीतदंश (फ़्रास्टबाइट) या जलन हो सकती है।

कभी भी अकेले में नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग न करें। बहुत ज्यादा नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग करने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है और आप बेहोश हो सकते/ती हैं या यहाँ तक कि आपकी मृत्यु भी हो सकती है।

सहायता लें

यदि आपको नाइट्रस ऑक्साइड के उपयोग से किसी भी बुरे प्रभाव का अनुभव होता है जैसे कि आपके हाथ या पैर में सुन्नता या झुनझुनी, तो आपको डॉक्टर के पास या अस्पताल के आपातकालीन विभाग में जाना होगा।

यदि आप किसी को जगा न सकें या आपको चिंता है कि नाइट्रस ऑक्साइड के प्रयोग के पश्चात गिरने के कारण किसी के सिर में चोट लगी हो सकती है – तो तुरंत **000** पर कॉल करें और ऐम्बुलेंस के लिए निवेदन करें।

किसी से बात करें

एल्कोहल और ड्रग सूचना सेवा पर दुभाषिया सेवा उपलब्ध है। **1800 250 015** पर कॉल करें और अपनी कॉल की शुरूआत पर किसी दुभाषिए का निवेदन करें।

यह सेवा दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन शराब और अन्य नशीले पदार्थों के बारे में नि:शुल्क और गोपनीय सलाह की पेशकश करती है।

नाइट्रस ऑक्साइड के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए **यहाँ क्लिक** करें।

NSW GOVERNMENT

© NSW Ministry of Health 2023
SHPN (CAOD) 230848-5